# अभ्यास प्रश्न-पत्र : 6

1. मैस्लो के सिद्धांत ने प्रस्तावित किया कि-
   (a) धन सभी स्थितियों में व्यवहार को प्रेरित कर सकता है
   (b) आत्मसिद्धि एक निम्नतर स्तर की आवश्यकता है
   (c) संतुष्ट आवश्यकता प्रेरक होती है
   (d) निम्नतर स्तर की आवश्यकताएं उच्चतर क्रम की आवश्यकताओं से पहले संतुष्ट की जानी आवश्यक हैं

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   अभिप्रेरण का द्विकारक सिद्धांत
   1. हर्बर्ट साइमन एवं जेम्स मार्च द्वारा दिया गया है।
   2. हर्जबर्ग, माउजर एवं स्नाइडरमैन द्वारा दिया गया है।
   3. उपलब्धि मान्यता, उत्तरदायित्व, कार्य एवं उन्नति के विषय में है।
   4. कार्य संतोष, कार्यदशाओं अन्तवैयक्तिक संबंधों, नीति और प्रशासन तथा पर्यवेक्षण से संबंधित है।

   इनमें से कौन से सही हैं ?
   (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
   (c) 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

3. नगरपालिकाओं के ऊपर राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में शामिल नहीं है:
   (a) निरीक्षण की शक्ति
   (b) उप-विधियों एवं नियमों को अनुमोदित करने की शक्ति
   (c) अधिऋणादानों के निर्णय की शक्ति
   (d) विघटन और अधिक्रमण की शक्ति

4. भर्ती का योग्यता सिद्धांत सर्वप्रथम संस्तुत किया गया था:
   (a) नॉर्थकोट-ट्रेवेलियन कमेटी द्वारा
   (b) एटकिंसन कमीशन द्वारा
   (c) इस्लिंगटन कमीशन द्वारा
   (d) ली कमीशन द्वारा

5. फ्रांस प्रशासन व्यवस्था में अनुसचिवीय मंत्रिमंडल है:
   (a) प्रशासनिक पर्यवेक्षण का उपकरण
   (b) मंत्रिपरिषद् की एक समिति
   (c) मंत्रालय के शीर्ष पर एक समन्वयी अंग
   (d) मंत्रालय एवं जनता के बीच एक कड़ी

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन कार्मिकों के प्रशिक्षण के बारे में सही नहीं है ?
   (a) यह मानव संसाधन विकास में किया गया निवेश है
   (b) यह कार्मिक की दक्षता में सुधार लाने का उपकरण है
   (c) यह कार्मिक के मनोबल को बनाए रखने के लिए है
   (d) प्रशिक्षण केवल औपचारिक हो सकता है

7. सूची-I (उद्देश्य) को सूची-II (प्रशिक्षण) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I* (उद्देश्य) | *सूची-II* (प्रशिक्षण) |
|---|---|
| A. अभ्यास द्वारा प्रशासनिक कौशल अर्जित करना | 1. सेवा-कालीन |
| B. किसी नियुक्त व्यक्ति को उसके कार्य की आधारभूत संकल्पनाओं, नवी कार्य परिवेश, संगठन एवं इसके लक्ष्यों से परिचित कराना | 2. अनौपचारिक |
| C. भावी कर्मचारी को लोकसेवा के लिए तैयार करना | 3. अभिमुखीकरण |
| D. कर्मचारियों को दक्ष बनाने के लिए प्रेरित करना | 4. प्रवेशपूर्व |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

8. पदोन्नति के लिए सरकारी कर्मचारियों के निष्पादन के वैज्ञनिक रूप से निर्धारण हेतु *दक्षता निर्धारण* की प्रणाली सर्वप्रथम प्रारंभ की गई-
   (a) यू.के. में (b) यू.एस.ए. में
   (c) चीन में (d) जापान में

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   सभी संसदीय लोकतंत्रों में सिविल सेवक अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं
   1. सामूहित उत्तरदायित्व के सिद्धांत के कारण
   2. मंत्रालय उत्तरदायित्व के सिद्धांत के कारण
   3. प्रत्यायोजित विधान की प्रथा के कारण

इनमें से कौन से सही हैं?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 3

10. सूची-I (निधि) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (निधि)* | *सूची-II (व्याख्या)* |
|---|---|
| A. संचित निधि | 1. अदृष्ट व्यय |
| B. आकस्मिकता निधि | 2. बीमार उद्यमों के कामगारों के लिए सुरक्षा जाल एवं उनके प्रशिक्षण का वित्त पोषण करना |
| C. लोक लेखा | 3. भविष्य निधि, लघु बजट एवं अन्य निक्षेपों से प्राप्तियां |
| D. राष्ट्रीय नवीकरण निधि | 4. सभी राजस्व प्राप्तियां, लिए गए ऋण एवं ऋणों की वसूली |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

11. एक ही विभाग के एक बजट-शीर्ष से दूसरे बजट-शीर्ष में, जहां अपेक्षाकृत अधिक व्यय की आवश्यकता है, निधियों के अंतरण की प्रक्रिया कहलाती है:

(a) पुनर्विनिधान (b) अंतरण
(c) ऋणानुदान (वोट ऑन क्रेडिट)
(d) पुनर्विनियोग

12. निम्नलिखित वक्तवयों पर विचार कीजिए:
भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

1. संघ एवं राज्यों के राजस्व मद के अंतर्गत सभी खर्चों की लेखा परीक्षा करता है।
2. इस बात को सुनिश्चित करता है कि संघ सरकार द्वारा कुल आहरण संसद द्वारा स्वीकृत राशि से ज्यादा नहीं हो।
3. संघ एवं राज्यों के वित्तीय कार्य सम्पादन के सही होने अथवा अन्यथा पर टिप्पणी कर सकता है।
4. खर्च करने में नियमों एवं विनियमों के अनुपालन नहीं करने के उदाहरणों को इंगित करता है।

निम्नलिखित में कौन-कौन से सही हैं?

(a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

13. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
बजट हमेशा होता है

1. अनुमानित आय एवं व्यय का विवरण
2. या तो अधिशेष या कमी
3. एक समय सीमा में आबद्ध
4. निष्पादन अभिमुख

निम्नलिखित में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

14. सूची-I (चिंतक/दस्तावेज) को सूची-II (सार/मत) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (चिंतक/दस्तावेज)* | *सूची-II (सार/मत)* |
|---|---|
| A. कौटिल्य | 1. सभी समझदारी वित्त पर निर्भर हैं अत: सर्वप्रथम ध्यान खजाने पर दिया जाना चाहिए |
| B. हूवर आयोग की रिपोर्ट | 2. प्रत्येक प्रशासनिक कार्य में उसका वित्तीय निहितार्थ होता है; या तो खजाने पर प्रभार डालकर या इसमें अंशदान के रूप में |
| C. एल.डी. व्हाइट | 3. वित्तीय प्रशासन आधुनिक शासनों का मर्म है |
| D. प्लाउडर रिपोर्ट | 4. बजट एक प्रक्रिया है 'जिसमें कराधान एवं व्यय उपकरणों का उपयोग अर्थव्यवस्था की दिशा को प्रभावित करने के लिए किया जाता है |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

15. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वक्तव्य सही नहीं है ?
(a) रेलवे बजट और रेलवे से संबंधित अनुदान मांगें संसद में पृथक रूप से प्रस्तुत की जाती हैं
(b) सामान्यतया प्रत्येक मंत्रालय या विभाग के लिए एक अनुदान मांग प्रस्तुत की जाती है
(c) दूरसंचार विभाग के लिए अनुदान मांग अलग से संसद में प्रस्तुत की जाती है
(d) अनेक मंत्रालयों की अनुदान मांग में योजना एवं गैर योजना व्यय का प्राक्कलन प्रत्येक शीर्ष के अंतर्गत सम्मिलित होता है

16. निम्नलिखित लेखापरीक्षाओं पर विचार कीजिए:
1. औचित्य लेखापरीक्षा
2. निधियों के प्रावधानों पर लेखापरीक्षा
3. माल एवं भंडार की लेखापरीक्षा
4. सार्वजनिक उपक्रमों की लेखापरीक्षा
इनमें से किससे/किनसे व्यय की लेखापरीक्षा बनती है ?
(a) केवल 1 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 1 और 2

17. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लेखाकरण प्रणाली का मूल कार्य नहीं है ?
(a) संघटन के वित्तीय स्वास्थ्य को प्रकट करना
(b) निधियों के संबंध में कार्य करने वालों का संरक्षण करना
(c) खर्च में अनावश्यक समायोजन को रोकना
(d) लेखापरीक्षा में सहायता देना

18. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
प्रशासनिक अधिकरण लाभदायी हैं क्योंकि ये
1. लागत-प्रभावी हैं।
2. सुअभिगम्य हैं।
3. समय-प्रभावी हैं।
4. कठोर नियमों एवं पद्धतियों से मुक्त हैं।
निम्नलिखित में कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

19. लोकायुक्त अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है:
(a) राज्य के मुख्य मंत्री को
(b) राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को
(c) राज्य के राज्यपाल को
(d) राज्य विधानसभा के अध्यक्ष को

20. निम्नलिखित में से किस एक सरकार ने वर्ष 2001 (अक्तूबर 2, 2001 से प्रभावी) में सूचना का अधिकार अधिनियम अधिनियमित किया है ?
(a) आंध्र प्रदेश सरकार
(b) हिमाचल प्रदेश सरकार
(c) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सरकार
(d) तमिलनाडु सरकार

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वक्तव्य *सिविल समाज* संगठन के बारे में सही नहीं है:
(a) वे सर्वसत्ताधारी निकाय हैं
(b) वे स्वैच्छिक लेकिन अलाभकारी अभिकरण हैं
(c) वे लोगों के घनिष्ठ सामिप्य में कार्य करते हैं
(d) वे सामान्य मुद्दों पर जागरूकता पैदा करते हैं, लोगों को शिक्षित और संवेदित करते हैं और सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं

22. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना संसद के निम्न सदन के विश्वास के लोप का सूचक नहीं मानी जाती ?
(a) कार्य-स्थगन प्रस्ताव का पारित होना
(b) राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का पारित नहीं होना
(c) वित्तीय विधेयक पर कटौती पारित हो जाती है
(d) निंदा प्रस्ताव पारित हो जाता है

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रिट अधीनस्थ न्यायालयों या अधिकरणों की पद्धति का परीक्षण करता है ?
(a) अधिकार-पृच्छा (b) परमादेश
(c) प्रतिषेध (d) उत्प्रेषण

24. निम्नलिखित संस्तुतियों पर विचार कीजिए:
1. सिविल सेवा कालेज की स्थापना
2. एकीकृत श्रेणीकरण व्यवस्था
3. सिविल सेवा विभाग की स्थापना
4. प्रशासकों के लिए ज्यादा विशिष्टीकरण
इनमें से कौन-सी संस्तुतियां फुल्टन समिति के द्वारा की गई थी ?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

25. निम्नलिखित में से किस एक समिति ने ब्रिटेन के सिविल कर्मचारियों के राजनीतिक क्रियाकलापों पर विचार किया ?
(a) नॉर्थकोट-ट्रेवेलियन समिति
(b) एशटन समिति
(c) मास्टरमैन समिति
(d) प्लोडन समिति

26. यूनाइटेड किंगडम में पार्लियामेंटरी कमीश्नर को अधिकार नहीं है:
(a) सरकार के किसी नीति-निर्णय से उठने वाली सामान्य शिकायतों को देखने का

(b) कथित कुप्रशासन से संबंधित शिकायतों को देखने का
(c) सरकारी विभागों, कार्यकारी अभिकरणों तथा अन्य निकायों के कार्यों की जांच का
(d) अपने द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में समय-समय पर संसद को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का

27. नागरिक सेवाओं के स्तरों में उन्नयन के उद्देश्य से ब्रिटिश सरकार द्वारा 1991 में प्रकाशित दस्तावेज का शीर्षक था।
(a) सिविक डेक्लेरेशन
(b) सिविल राइट्स चार्टर
(c) सिटिजंस चार्टर
(d) व्हाइट पेपर ऑन इक्वल ऑपरचुनिटीज़

28. यूनाइटेड किंगडम में प्रशासनिक न्यायालयों के संबंध में निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन-सा एक सही नहीं है ?
(a) संविधि, सामान्य विधि तथा समदृष्टि प्रशासनिक कानूनी
(b) प्रशासनिक न्यायालयों का विकास तदर्थ आधार पर हुआ
(c) 1955 में फ्रैंक्स समिति की नियुक्ति प्रशासनिक न्यायालयों के कार्यकरण के अध्ययन के लिए की गई थी
(d) फ्रैंक्स समिति ने अनुशंसा की कि प्रशासनिक न्यायालय के अध्यक्ष की नियुक्ति राजा के द्वारा होनी चाहिए, मंत्री के द्वारा नहीं

29. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
यू.एस.ए. में कार्मिक प्रबंध का कार्यालय (ऑफिस ऑफ़ पर्सनेल मैनेजमेंट)
1. राष्ट्रपति के अंतर्गत एक स्वतंत्र अभिकरण है।
2. संघीय कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण की देखभाल करता है।
3. के पास अपीलीय उत्तरदायित्व है।
4. यह आधारभूत कार्मिक नीतियों का निर्माण करता है।
निम्नलिखित में कौन-सा/से सही है/हैं
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) 3 और 4

30. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
यू.एस.ए. में वित्तीय प्रशासन पर नियंत्रण किया जाता है
1. कांग्रेस द्वारा
2. प्रबंध तथा बजट कार्यालय (ऑफिस ऑफ़ मैनेजमेंट एंड बजट) द्वारा
3. कंट्रोलर जनरल द्वारा
4. डिपार्टमेंट ऑफ़ ट्रेजरी द्वारा
इनमें से कौन-कौन से सही हैं ?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2 और 4 (d) 3 और 4

31. निम्नलिखित संवर्गों पर विचार कीजिए:
1. प्रशासनिक सामान्यज्ञ 2. तकनीकी सामान्यज्ञ
3. वैज्ञानिक 4. इंजीनियर
निम्नलिखित में से कौन-से फ्रांस के उच्चतर सिविल सेवा के घटक हैं ?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2 और 4 (d) 3 और 4

32. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
हाल के वर्षों में फ्रांस में प्रशासनिक सुधार की पुर:स्थापना ने प्रशासिक व्यवस्था को बनाया है।
1. ज्यादा सरल
2. विकेंद्रित तथा सहभागी
3. पुन:खोज परत तथा सार्वत्रिक/क्षेत्रीय विकासों के लिए अनुकूली
4. उच्च भूभागीय प्राधिकरण/क्षेत्र की स्थापना में सहायक
इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं।
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 2 3 और 4

33. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
जापान की सिविल सेवा की विशेषता है
1. निष्पक्षता एवं अनामत्व
2. तटस्थता एवं वैधता
3. राजनीतिकरण एवं संरक्षण
4. वरीयता से प्रोन्नति एवं कुल गुणवत्ता चेतना
इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं।
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

34. निम्नलिखित में से किसने *लोक प्रशासन* को ऐसे विषय-वस्तु के रूप में वर्णित किया जो एक *विद्याशाखा* बनने की खोज में है, और कहा कि यह क्षेत्र किसी भी एकल प्रबल विश्लेषणात्मक प्रतिमान से सर्वथा वंचित है ?
(a) एल.डी.व्हाइट (b) डब्ल्यू.एफ. विलौबी
(c) पॉल.एच.एपलबी (d) ड्वाइट वाल्डो

35. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
लोक प्रशासन निजी प्रशासन से भिन्न है क्योंकि
1. इसे सामाजिक रूप से अनिवार्य लोक सेवाएं उपलब्ध करानी होती हैं।
2. इसे लोक हित का संरक्षण एवं संवर्धन करता होता है।
3. यह लोक जवाबदेही के अधीन है।
4. यह अलग-अलग व्यक्तियों के साथ अलग-अलग तरीके से पेश आ सकता है।

इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

36. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
लोक प्रबंध सुधारों के लिए विश्वव्यापीकरण के आदेशकों में शामिल हैं
1. गैर-सरकारी क्षेत्र की ओर अधिक जोर
2. निर्बलों एवं महिलाओं का सशक्तीकरण
3. शान की पुनर्खोज (re-invention)
4. विकासशील देशों में मानव संसाधन विकास

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 3 और 4 (b) 1 और 2
(c) 2 और 4 (d) 1 और 3

37. लोक विकल्प प्रतिरूप (Public Choice Model) का, जो लोकतांत्रिक प्रशासन के प्रतिमान के रूप में जाना जाता है, समर्थन किया था।
(a) विन्सेंट ओस्ट्रोम ने (b) हर्बर्ट साइमन ने
(c) एल.डी.व्हाइट ने (d) रॉबर्ट ए.डाह्ल ने

38. निम्नलिखित में से किसने 1968 की मिनोब्रुक कॉन्फ्रेंस की चर्चा चलाई ?
(a) एल.डी. व्हाइट (b) ड्वाइट वाल्डो
(c) वैमज़्ने (d) जॉन रूह्र

39. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
एफ. डब्ल्यू. रिग्ज के अनुसार *तुलनात्मक लोक प्रशासन* में परिवर्तन समाहित है
1. आदर्शक से अनुभवाश्रित तक
2. अपारिस्थितिक से पारिस्थिति तक
3. व्यक्त्यंकन से नियमान्वेषी तक
4. अंत:शास्त्रीय से अंतराशास्त्रीय तक

इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

40. लोक प्रशासन के बाजारीकरण एवं निजीकरण का परिणाम हो सकता है
(a) आभासी-समाजवाद (b) अबंधता
(c) नव-पूंजीवाद (d) उदारीकृत विनियम

41. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
1. लोक-उन्मुख समुदायों की अग्रलक्षी सहभागिता का सिद्धांत प्रस्तुत करता है।
2. अंत: अभिकरण तदर्थशाहियों पर बल देता है।
3. गैर-लोक प्रशासनिक संरचनाओं को विधिबाह्य के रूप में खारिज़ नहीं करता।
4. विद्यमान संस्थानों, संगठनों एवं नौकरशाहियों पर ध्यान केंद्रित करता है।

इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

42. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
लोक विकल्प प्रतिरूप में लोक सेवाओं का संगठन अत्यधिक उन्मुख है
1. लोक सेवा प्रावधान में बृहद् उद्यमों की अपेक्षा लघु उद्यमों की ओर
2. लोक सेवा की बहुसंभरक संरचनाओं की अपेक्षा एकल समस्त-संभरक संरचनाओं की ओर
3. शुद्ध लोक वस्तुओं से इतर लोक सेवाओं के निधीयन के आधार के रूप में सामान्य कर निधियों की अपेक्षा उपभोक्ता-प्रभार की ओर
4. सेवा प्रावधान के उपकरण के रूप में सरकारी नौकरशाही की अपेक्षा निजी या स्वतंत्र उद्यम की ओर

इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

43. निम्नलिखित में से किसने कहा कि "पदसोपान में प्रत्येक कर्मचारी में अपनी अक्षमता के स्तर तक उठने की प्रवृत्ति होती है"?
(a) फ्रेडरिक डब्ल्यू. टेलर (b) मेरी.पी. फोल्ले
(c) पीटर एफ. ड्रकर (d) लॉरेंस जे. पीटर

44. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
पदसोपान के सिद्धांत के लाभ हैं कि यह
1. प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी निर्धारित करने का सामर्थ्य देता है।
2. शीर्ष स्तर पर केंद्रीकृत निर्णयत की ओर ले जाता है।
3. आदेश/संचार का मार्ग उपलब्ध कराता है।
4. समस्त इकाइयों को एकीकृत संपूर्ण में बांधता है।

इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

45. आदेश की एकता का सिद्धांत निश्चित करता है:
(a) जवाबदेही (b) स्वीकार्यता
(c) विशेषीकरण (d) समन्वय

46. सूची-I (संकल्पना) को सूची-II (विचारक) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | *सूची-I (संकल्पना)* | | *सूची-II (विचारक)* |
|---|---|---|---|
| A. | नियंत्रण का क्षेत्र | 1. | हैनरी फेयोल |
| B. | स्तर उच्छलन | 2. | एफ.डब्ल्यू.टेलर |
| C. | संगठन का क्लासिकी सिद्धांत | 3. | वी.ए.ग्रायकुनाज़ |
| D. | प्रकार्यात्मक फ़ोरमैनी | 4. | लूथर गूलिक |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

47. सूची-I (परिभाषा) को सूची-II (लेखक) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | *सूची-I (परिभाषा)* | | *सूची-II (लेखक)* |
|---|---|---|---|
| A. | वर्णिक उद्देश्य के प्रति प्रयासों का व्यवस्थित समकालन | 1. | न्यूमैन |
| B. | पूर्ण के उत्पादन के लिए अंश का समायोजन | 2. | टैरी |
| C. | प्रयोजन सिद्ध करने के लिए अनेक भागों का एक व्यवस्थित संपूर्ण में एकीकरण | 3. | चार्ल्सवर्थ |
| D. | किसी उद्यम के अनेक परिप्रेक्ष्यों को समुचित स्थानों में रखना | 4. | डिमॉक और डिमॉक |
| | | 5. | जेम्स मूनी |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 5 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 5 | 1 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

48. निम्नलिखित में से कौन-सा एक केंद्रीकरण का लाभ नहीं है ?
(a) यह संगठन में अधिकतम नियंत्रण उपलबध करवाता है
(b) यह प्रशासन में एकरूपता को सुनिश्चित करता है
(c) यह संगठन में लचीलेपन की संवृद्धि को रोकता है
(d) यह प्रशासन में सत्ता के दुरुपयोग को रोकता है

49. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
केंद्रीकरण असौर विकेंद्रीकरण की स्थितिपरक प्रासंगिकता है तथा निर्भर करते हैं
1. उत्तरदायित्व के घटक पर
2. स्थिरता के घटक पर
3. प्रकार्यात्मकता के घटक पर
4. नैतिकता के घटक पर
इनमें से कौन-से सही हैं ?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1 और 4

50. निम्नलिखित में से कौन-से एक कथन से ऐसा साक्ष्य मिलता है जिससे प्रदर्शित होता है कि प्राधिकार एवं शक्ति एक-दूसरे से भिन्न हैं ?
(a) शक्ति का अर्थ है कार्यों का प्रत्यायोजन एवं प्राधिकार का अर्थ है नई नीतियां बनाना
(b) शक्ति का अर्थ है पर्यवेक्षण जबकि प्राधिकार का अर्थ है वित्तों की संस्वीकृति
(c) शक्ति का अर्थ है कुछ करने की सामर्थ्य एवं प्राधिकार का अर्थ है दूसरों द्वारा किए जाने वाले कार्य के आदेश का अधिकार
(d) शक्ति का अर्थ है किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करना जबकि प्राधिकार का अर्थ है अपने अधीनस्थों के कार्यकलापों को एकीकृत करना

51. सूची-I (अभिकरण) को सूची-II (कार्य) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | *सूची-I (अभिकरण)* | | *सूची-II (कार्य)* |
|---|---|---|---|
| A. | लाइन अभिकरण | 1. | मूल उद्देश्य के लिए जवाबदेह है |
| B. | स्टाफ अभिकरण | 2. | साध्यों को प्राप्त करने के लिए साधन जुटाता है |
| C. | सहायक अभिकरण | 3. | व्यवस्था में सुधार के सुझाव देता है |
| D. | तकनीकी स्टाफ अभिकरण | 4. | कार्य को सुकर बनाता है |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

52. वैज्ञानिक प्रबंध आंदोलन के संबंध में कौन-सा एक सही नहीं है ?
(a) यह कार्य में तर्कसंगतता और पूर्वानुमेयता पर आधारित था
(b) इसने कार्य के अभिकल्पों तथा प्रक्रियाओं पर बल दिया
(c) इसने कर्मचारियों के बीच घनिष्ठ सहयोग की पैरवी की
(d) इसने कर्मचारियों और प्रबंधकों के बीच सहयोग पर बल दिया

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
हर्बर्ट ए. साइमन के विचार में व्यक्तिगत या संगठनात्मक निर्णय लेने वाले व्यक्ति के लिए तर्कसंगता की उच्चतम कोटि तक पहुंचना असंभव है, क्योंकि
1. व्यक्तियों को समस्या के आसपास के तथ्यों का अधूरा ज्ञान होता है।
2. किसी समस्या के लिए सभी वैकल्पिक समाधानों को पहचानना सामान्यत: असंभव होता है।
3. विभिन्न विकल्पों के प्रत्याशित परिणाम वास्तविक रूप से उपलब्ध परिणामों से भिन्न होते हैं।
4. निर्णयन प्रक्रिया में भावनाएं मनुष्य का मार्गदर्शन करती हैं।
इनमें से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

54. निम्नलिखित में से किस पर मैक्स वेबर की आदर्श रूप नौकरशाही में बल नहीं दिया गया ?
(a) कार्य निर्वैयक्तिक व्यवस्था से प्रेरित होने चाहिए
(b) कार्य नियमों और मानकों से बंधे होते हैं
(c) नियम और मानक परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित होते हैं
(d) कार्य, निर्णय और नियम लिखित रूप में दर्ज होते हैं

55. सूची-I (आलोचना) को सूची-II (आलोचक) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (आलोचना)* | *सूची-II (आलोचक)* |
|---|---|
| A. विधिक-तार्किक प्रतिरूप द्वारा कुछ अपक्रियात्मक परिणाम उत्पन्न होते हैं | 1. फ़िलिप जेल्ज़निक |
| B. आदर्श रूप नौकरशाही की आंतरिक सुसंगतता पर सवाल उठाए गए हैं | 2. पीटर ब्लैक |
| C. लक्ष-विस्थापन की समस्या को खडा किया गया है | 3. रॉबर्ट मर्टन |
| D. तार्किक प्रशासन की अवधारणा पर नए सिरे से देखने की आवश्यकता पर बल दिया गया है | 4. टालकट पार्सन्स |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

56. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सिद्धांत प्रसिद्ध आदिवर्णिक शब्द POSDCORB का एक हिस्सा नहीं है ?
(a) आयोजना (Planning)
(b) निदेशन (Directing)
(c) बजटन (Budgeting)
(d) संप्रेषण (Communicating)

57. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
प्रशासन का क्लासिकी सिद्धांत इस पर बल देता है कि
1. आर्थिक प्रोत्साहन एकमात्र प्रेरणात्मक कारक है।
2. यह संगठन को एक यंत्र के रूप में देखता है।
3. कर्मचारियों के प्रति मानवीय अभिवृत्ति दिखाई जानी चाहिए।
4. मात्र औपचारिक संबंध ही महत्वपूर्ण हैं ?
निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/ हैं ?
(a) केवल 3 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

58. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए:
1. प्रभावकारी नेतृत्व 2. पदसोपान
3. प्रशासनिक कौशल 4. सहयोग
गूलिक के अनुसार इनमें से किनका अभाव समन्वय में बाधा है ?
(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

59. सूची-I (निर्णयन) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (निर्णयन)* | | *सूची-II (व्याख्या)* |
|---|---|---|
| A. तर्कसंगत निर्णयन उपागम | 1. | व्यवस्थित एवं चरणबद्ध कार्यनीति |
| B. पर्यावरणी क्रमवीक्षण | 2. | नए अवसरों के लिए व्यापार पर्यावरण की निरंतर खोज एवं संगठन पर आने वाले खतरे |
| C. आकस्मिकता योजनाएं | 3. | संगठन के अन्य पहलुओं पर अनभिप्रेत नकारात्मक प्रभावों के परिहार के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम से कम स्वीकार करना |
| D. उप-इष्टमीकरण | 4. | यदि प्राथमिक कार्य दिशा अप्रत्याशित रूप से बाधिक हो या अनुपयुक्त हो तो वैकल्पिक क्रिया करना |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

60. निर्णयकर्ता हर समय और इसके विकल्पों के बारे में सभी संभव पहलुओं और सूचना पर विचार नहीं कर सकते और इसलिए इसके कुछ अर्थपूर्ण उपसमुच्च्य को निपटाना बेहतर समझते हैं। यह पूर्णधारणा कहलाती है

(a) संतुष्ट करना (b) अनुभवाश्रम

(c) परिबद्ध तर्कबुद्धि (d) स्व-प्रतिक्रिया

61. सूची-I (मत) को सूची-II (विचारक) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (मत)* | | *सूची-II (विचारक)* |
|---|---|---|
| A. उत्पादन/उत्पादकता पर अनौपचारिक संगठन के प्रभाव का पता लगाना | 1. | हर्बर्ट साइमन |
| B. प्रशासनिक व्यवहार में संपूर्ण तर्कसंगतता की संकल्पना को विवाद में डालना | 2. | चैस्टर बर्नार्ड |
| C. अनौपचारिक संगठन के निर्माण का संप्रेषण एवं संसक्ति के माध्यम के रूप में सिफारिश करना | 3. | एफ.एम. मार्क्स |
| D. अधिकारीतंत्र का अभिजातीय, योग्यता आधारित, संरक्षक एवं जाति अधिकारी तंत्रों में वर्गीकरण | 4. | एल्टन मेयो |
| | 5. | मैक्स वेबर |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 5 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 5 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

62. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:

*व्यवस्था* उपागम में

1. प्रत्येक समस्या सम्मिश्र साकल्य के रूप में देखी जाती है।
2. विभिन्न समस्याओं के बीच सहलग्नता पर विचार किया जाता है।
3. संगठन एवं इसके पर्यावरण के बीच अन्योन्यक्रिया पर बल दिया जाता है।
4. पर्यवेक्षण स्तर पर घंटावार कार्यकलाप एवं तात्कालिक उत्पादन लक्ष्य का संबंध प्रमुख विचारा नहीं होता।

इनमें से कौन-से सही हैं?

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3

(c) 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

63. निम्नलिखित में से कौन-सा हर्बर्ट साइमन का कथन नहीं है?

(a) निर्णयों में मूल्य प्रतिज्ञप्तियां शामिल नहीं होती

(b) प्रत्येक निर्णय तथ्य एवं मूल्य प्रतिज्ञप्तियों का संयोजन होता है

(c) निर्णयन में संपूर्ण तर्कसंगतता संभव नहीं है

(d) निर्णय अनेक विकल्पों के बीच एक वरण होता है

64. सूची-I (नेता के प्रभाव का स्रोत) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (नेता के प्रभाव का स्रोत)* | *सूची-II (व्याख्या)* |
|---|---|
| A. विशेषज्ञ शक्ति | 1. निर्णयन के लिए निर्णायक सूचनाएं नियंत्रित करने वाला व्यक्ति |
| B. निर्देश्य शक्ति | 2. भरे जा रहे पद पर ध्यान दिए बिना, व्यक्ति में निहित होता है |
| C. विधिसंगत शक्ति | 3. संगठन में व्यक्ति के पद के आधार पर प्रदत्त शक्ति |
| D. वैयक्तिक शक्ति | 4. जब कोई व्यक्ति दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण के रूप में काम करता है |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

65. निम्नलिखित में से किसने नेता के व्यवहार को न्यूनतम अधिमानित सहकारी मापनी (LPC) के रूप में वर्णित उपकरण की सहायता से मापने का प्रयास किया?
(a) एडविनफ्लीशमैन
(b) फ्रेड ई. फीडलर
(c) रॉबर्ट आर.ब्लेक और जेन एस. मूटन
(d) ई.एफ.हैरिस

66. सूची-I (उपागम) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (उपागम)* | *सूची-II (व्याख्या)* |
|---|---|
| A. मिशिगन एवं ओहाइओ | 1. प्रभावकारी नेताओं को उनसे, जो नेता नहीं हैं, पृथक बताने वाले स्थाई एवं स्थिर विशेषताओं को पहचानने का प्रयास करता है |
| B. विशेषक | 2. किसी समूह या संगठनिक व्यवस्था में प्रभावकारी नेता द्वारा प्रदर्शित व्यवहार विशेषताओं का समुच्चय |
| C. व्यवहारवादी | 3. नेताओं को उनसे, जो नेता नहीं हैं, पृथक् बताने वाले व्यवहारों को पहचानने का प्रयास |
| D. प्रासंगिकता | 4. यह सुझाता है कि नेता की प्रभावकारिता स्थितियों पर निर्भर होती है |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
संप्रेषण में संकेतन एवं विसंकेतन समस्याओं में शामिल हैं
1. स्रोत एवं प्राप्तकर्ता के बीच सामान्य बोध का अभाव
2. शब्दार्थ विषयक समस्याएं
3. मूल्य-निर्णय
4. चयनात्मक अवधान

इनमें से कौन-से सही हैं?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

68. सूची-I (संचार नेटवर्क) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (संचार नेटवर्क)* | *सूची-II (व्याख्या)* |
|---|---|
| A. चक्र | 1. प्रत्येक खंड के अंत में स्थित व्यक्ति और ग्रंथित व्यक्ति के बीच सूचना प्रवाहित होती है |
| B. शृंखला | 2. प्रत्येक सदस्य दोनों छोरों पर स्थित व्यक्तियों के साथ सूचना का आदान-प्रदान करते हैं, किंतु और किसी के साथ नहीं |
| C. वृत्त | 3. प्रत्येक सदस्य ऊपर एवं नीचे स्थित व्यक्तियों के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | साथ सूचना का आदान प्रदान करते हैं, किंतु प्रत्येक छोर पर स्थित व्यक्तियों के साथ नहीं |
| D. | चैनल | 4. | सभी सदस्य अन्य सभी सदस्यों के साथ सूचना का आदान-प्रदान करते हैं |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

69. जनप्रवाद (ग्रेपवाइन) के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
   (a) यह औपचारिक सारणी से कहीं अधिक लचीला है
   (b) यह सूचना और प्रसारण तीव्रता से करता है
   (c) जो सूचना औपचारिक रूप से प्रसारित नहीं की जाती है, यह उसे भेजने का सुविधाजनक तरीका है
   (d) इष्टतम निर्णयन में यह विश्वसनीय सूचना देता है

70. भारतीय संविधान में संघ तथा राज्यों के अंतर्गत सेवाओं के समूह में रखे गए अनुच्छेद हैं
   (a) अनुच्छेद 310 से 323 तक
   (b) अनुच्छेद 308 से 323 तक
   (c) अनुच्छेद 306 से 323 तक
   (d) अनुच्छेद 305 से 323 तक

71. निम्नलिखित में से कौन-से राज्यपाल के द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ रिजर्व नहीं किए जाते?
   (a) उच्च न्यायालयों के अधिकारों को प्रभावित करने वाले विधेयक
   (b) अनिवार्य संपत्ति अर्जन संबंधी विधेयक
   (c) अंतर-राज्य व्यापार पर प्रतिबंध अधिरोपित करने वाले विधेयक
   (d) कृषि आय पर कर अधिरोपित करने वाले विधेयक

72. निम्नलिखित में से किस एक संविधान संशोधन के द्वारा एक व्यक्ति को एक साथ दो या अधिक राज्यों के राज्यपाल का पद धारित करने के लिए नियुक्त करना संभव हुआ?
   (a) संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956
   (b) संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976
   (c) संविधान (तैंतालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1977
   (d) संविधान (चौवालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1978

73. राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक के बारे में राज्यपाल की शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सत्य नहीं है?
   (a) वह विधेयक को अपनी सहमति प्रदान कर सकता है
   (b) वह विधेयक को रोक कर रख सकता है
   (c) वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित कर सकता है
   (d) उसके पास विधेयक पर अपनी सहमति प्रदान करने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं होता

74. सूची-I (अधिकारी) को सूची-II (उत्तरदायित्व) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (अधिकारी)* | | *सूची-II (उत्तरदायित्व)* |
|---|---|---|
| A. सचिव | 1. | विभाग की एक शाखा का प्रभारी |
| B. अपर सचिव | 2. | विभाग का सर्व कार्यभारी |
| C. उप सचिव | 3. | अनेक अनुभागों का प्रभारी |
| D. अवर सचिव | 4. | विभागाध्यक्ष के उत्तरदायित्व का सहभागी |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

75. राज्य के मुख्य सचिव के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
   (a) वह राज्य मंत्रिमंडल का सचिव है
   (b) वह राज्य की सिविल सेवाओं का प्रमुख है
   (c) राज्य के मुख्यमंत्री का वह प्रधान परामर्शदाता है
   (d) वह मंत्रिमंडल के निर्णयों के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षक है

76. राज्यपाल की विधायी शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए:
   1. वह विधान सभा का आह्वान करता है, सत्रावसान करता है और भंग करता है।
   2. वह विधान सभा की बैठकों को स्थगित करता है।
   3. चुनाव के बाद वह विधान सभा के प्रथम सत्र को संबोधित करता है।
   4. वह विधान सभा में बजट को रखवाता है।

इनमें से कौन-कौन से सही हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1 और 3

77. निम्नलिखित में से किस समिति ने जिला स्तर पर नियामक तथा विकास कार्यों में पृथक्करण की अनुशंसा की ?
(a) दांतवाला (b) हनुमंत राव समिति
(c) कोठारी समिति (d) जी.वी.के. राव समिति

78. राज्य प्रशासन में *निदेशालय* का मुख्य उत्तरदायित्व है ?
(a) नीतियों की समीक्षा करना
(b) नीतियों का कार्यान्वयन करना
(c) नीतियों का निर्माण करना
(d) नीतियों का मूल्यांकन करना

79. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जिला मजिस्ट्रेट के कर्त्तव्यों में नहीं है ?
(a) कानून और व्यवस्था बनाए रखना
(b) भू-राजस्व की वसूली
(c) गरीबी उपशमन कार्यक्रमों का कार्यान्वयन
(d) स्थानीय निकायों का चुनाव करना

80. 73वें संशोधन के संदर्भ में निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
इसने उपबंधित किया
1. अन्य पिछड़ी जातियों के लिए 27% आरक्षण के लिए
2. कि माध्यमिक/जिला स्तर के पंचायत अध्यक्ष का चुनाव चुने गए सदस्यों में से एवं उनके द्वारा होगा
3. अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण के लिए
4. स्थानीय निकायों के लिए एकसमान पांच वर्षों के कार्यकाल के लिए

इनमें से कौन-कौन से सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

81. भारतीय संविधान के किस भाग में पंचायतों के लिए प्रावधान किए गए हैं ?
(a) IX (b) IV
(c) III (d) IX A

82. निम्नलिखित में से किस एक राज्य में 73वें संविधान संशोधन के अंतर्गत पंचायतों में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण लागू नहीं है ?
(a) नागालैंड (b) मिज़ोरम
(c) मेघालय (d) अरुणाचल प्रदेश

83. स्थानीय स्वशासन में चुने हुए पदधारियों को वापस बुलाने का प्रावधान कार्यान्वित किया गया है :
(a) बिहार में (b) केरल में
(c) मध्य प्रदेश में (d) हरियाणा में

84. संविधान (74वें संशोधन) अधिनियम, 1992 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. तीन-स्तरीय नगरपालिकाओं के लिए
2. वार्ड समितियों के लिए
3. जिला योजना समितियों के लिए
4. नगरपालिका के अध्यक्ष के प्रत्यक्ष चुनाव के लिए

इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

***निर्देश:*** —

आगामी चौदह (14) प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन A' तथा दूसरे को 'कारण R' कहा गया है। आपको दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और निर्णय करना है कि क्या कथन A और कारण R पृथक-पृथक सही हैं और यदि ऐसा है तो क्या कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण है। इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूटों की सहायता से चुनिए और अपने उत्तर-पत्रक में तदनुसार अंकित कीजिए:

**कूट:**
(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

85. ***कथन* (A):** 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण प्रक्रिया की पराकाष्ठा है।
***कारण* (R):** राज्य ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों।

86. ***कथन* (A):** प्रबंधकवाद तथा बाजारीकरण लोक प्रशासन की सार्वजनिक वस्तुओं एवं सेवाओं के वर्धित परिमाण की ओर ले जा सकते हैं।
***कारण* (R):** संविदा से संबंधित सार्वजनिक विधि सिद्धांतों को कार्यान्वित करने में असफलता लोक प्रशासन के उत्तरदायित्व को कम करती है।

87. ***कथन* (A):** नवीन लोक प्रशासन आंदोलन जड़ें जमाने में असफल हुआ है।
***कारण* (R):** यह भावना-प्रवाहमात्र था जिसमें कोई सुपरिभाषित संक्रियात्मक आधार नहीं था।

88. *कथन* (A): बाजार वाद-विवाद का प्रमुख जोर अनुक्रियात्मकता पर नहीं बल्कि अर्जन पर है।
*कारण* (R): बाजार का सरोकार तथा जनहित नैतिकता अंतिम रूप से पूरक हैं।

89. *कथन* (A): सरकारी कार्यालयों में संगठन एवं पद्धति इकाइयां लाइन अभिकरणों के रूप में कार्य करती है।
*कारण* (R): संगठन एवं पद्धति इकाइयों से सलाहकारी भूमिका अदा करना अपेक्षित है।

90. *कथन* (A): न्यायपालिका का कार्य यह सुनिश्चित करना है कि सिविल सेवा कानून के दायरे में कार्य करे।
*कारण* (R): सिविल सेवा के ऊपर न्यायिक नियंत्रण खर्चीला, विलंबकारी और जटिल है।

91. *कथन* (A): पद-वर्गीकरण आधुनिक कार्मिक प्रशासन की नींव है।
*कारण* (R): पद-वर्गीकरण सिविल सेवाओं में युक्तिकरण की अनुमति देता है।

92. *कथन*(A): सेवा आचरण विनियमावली प्रबलित नैतिक मार्गदर्शी सिद्धांत से विपथगमन एवं विचलन के लिए आर्थिक दंड एवं सजा पर बल देता है।
*कारण* (R): ये आचरण नियम उन कारकों की बात करते हैं जिनसे ऐसी स्थितियां और व्यावहारिक मानदंड बनते हैं, जिन्हें द्वंद्व तथा निर्णयात्मक द्विविधा की अवस्था में पालन किया जाना होता है।

93. *कथन* (A): सिविल सेवाओं में उच्च स्तर का नैतिक एवं व्यावसायिक स्तर बनाए रखने के लिए लोक सेवकों के लिए आचार संहिता की रचना आवश्यक नहीं है।
*कारण*(R): व्यावसायिक स्तरों/मानकों का निर्धारण अनुकरणीय राजनीतिक नेतृत्व, ठोस प्रशासनिक परंपराओं, सामाजिक नैतिकता एवं प्रभावी अनुशासनात्मक उपायों से होता है।

94. *कथन* (A): एक लाइन-आइटम बजट में केवल आगत संबंधी विषयों पर विचार होता है जबकि निष्पादन बजट में केवल निर्गत संबंधी विषयों को महत्त्व दिया जाता है।
*कारण* (R): निष्पादन स्तरों को विशिष्ट बजट धनराशि से जोड़ना निष्पादन बजटन है।

95. *कथन* (A): अताशे व्यवस्था विदेश मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय में प्रचलन में है।
*कारण* (R): इन मंत्रालयों के कार्य की प्रकृति एवं जटिलता सहायकों एंक लिपिकों की क्षमता से परे है

96. *कथन* (A): संसद के प्रति संघ सरकार की वित्तीय जवाबदेही नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्टों के द्वारा सुनिश्चित की जाती है।
*कारण* (R): नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट देनी पड़ती है जिसे वे लोक सभा के सम्मुख रखवाते हैं।

97. *कथन* (A): समुदाय के विकास के हित में प्रशासनिक अधिकारियों एवं चुने हुए प्रतिनिधियों के बीच का संबंध ज्यादा मैत्रीपूर्ण एवं आपसी विश्वास का होना चाहिए।
*कारण* (R): इस बात पर बल दिया जाता है कि पंचवर्षीय योजनाओं की सफलता के लिए लोगों में अंतरभाविकता एवं सहभागिता का बोध होना अत्यावश्यक है।

98. *कथन* (A): भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्वों के सहायता-अनुदानों को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों का निर्धारण वित्त आयोग द्वारा होता है।
*कारण* (R): वित्त आयोग संघ राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों पर विचार करने वाला एक संवैधानिक निकाय हे।

99. सूची-I (संकल्पना) को सूची-II (स्रोत) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | *सूची-I* *(संकल्पना)* | | *सूची-II* *(स्रोत)* |
|---|---|---|---|
| A. | प्रांतीय सरकार में द्वैध शासन | 1. | मोर्ले-मिंटो सुधार, 1909 |
| B. | कठोर केंद्रीकरण | 2. | भारत सरकार अधिनियम, 1935 |
| C. | सरकार की संघवादी योजना | 3. | मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919 |
| D. | सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व | 4. | इंडियन कौंसिल्स एक्ट, 1861 |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

100. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
औपनिवेशिक भारत में वाइस-रीगल व्यवस्था में सिद्धांत समाहित था
1. पूर्ण नौकरशाही शासन का
2. वाइसराय की औपचारिक भूमिका का
3. संवैधानिक एकतंत्र का
4. केंद्रीकृत प्रशासन का
इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

101. लोकसभा द्वारा प्राक्कलित व्यय के संबंध में किया गया अग्रिम अनुदान कहलाता है:
(a) सांकेतिक अनुदान
(b) ऋणानुदान (वोट ऑन क्रेडिट)
(c) असाधारण अनुदान
(d) लेखा अनुदान

102. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
भारत के राष्ट्रपति को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने का अधिकार है
1. आम चुनाव के बाद के पहले सत्र के प्रारंभ में
2. प्रत्येक सत्र के प्रारंभ में
3. प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र के प्रारंभ में
4. प्रत्येक वर्ष के बजट सत्र के प्रारंभ में
निम्नलिखित में से कौन-कौन से सही हैं ?
(a) 2 और 3 (b) 1 और 4
(c) 1 और 3 (d) 2 और 4

103. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत के प्रधान मंत्री का कर्त्तव्य नहीं है ?
(a) मंत्रिपरिषद् के सभी निर्णयों को राष्ट्रपति को सूचित करना
(b) राज्य के प्रशासन संबंधी कार्यों की सूचना राष्ट्रपति को देना
(c) राष्ट्रपति के सम्मुख कैबिनेट मीटिंग का एजेंडा उनके अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करना
(d) राष्ट्रपति द्वारा अपेक्षा किए जाने पर किसी भी विषय को मंत्रिपरिषद के विचारार्थ रखना

104. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:
प्रधान मंत्री अध्यक्ष हैं
1. वित्त आयोग का 2. योजना आयोग का
3. राष्ट्रीय विकास परिषद् का
4. कैबिनेट सचिवालय का
निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) केवल 4

105. निम्नलिखित में से कौन एक संघीय सरकार के लेखाओं के अंतिम संकलन के लिए उत्तरदायी है ?
(a) वित्त मंत्री (b) सचिव (वित्त)
(c) लेखा महानियंत्रक (d) नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

106. सूची-I (आयोग/समिति) को सूची-II (संस्तुति) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I (आयोग/समिति)* | | *सूची-II (संस्तुति)* | |
|---|---|---|---|
| A. | मैक्सवेल समिति | 1. | लोक सेवा आयोग का गठन |
| B. | टोटोनहैम समिति | 2. | इंपीरियल सचिवालय का स्टाफ पैटर्न |
| C. | सचिवालय पद्धति समिति | 3. | लिपिकवर्गीय कर्मचारी विभाजन |
| D. | ली आयोग | 4. | केंद्रीय कर्मचारी चयन बोर्ड |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

107. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सरकारी विभागों की प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के लिए स्थापित किया गया था ?
(a) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन
(b) संगठन एवं पद्धति प्रभाग
(c) कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
(d) सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

108. निम्नलिखित कार्यों पर विचार कीजिए:
1. कैबिनेट मीटिंग्स के लिए विषयसार तैयार करना
2. कैबिनेट के निर्णयों के कार्यान्वयन का अनुश्रवण करना
3. सेवा-विषयक शिकायतों का निराकरण करना
4. राष्ट्रपति तथा उप-राष्ट्रपति को कैबिनेट के महत्त्वपूर्ण निर्णयों से अवगत कराना
निम्नलिखित में से कौन-कौन से कार्य कैबिनेट सचिवालय द्वारा निष्पादित किए जाते हैं ?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

109. निम्नलिखित में से कौन-सा एक निकाय नियमित रूप से पंचवर्षीय योजनाओं की प्रगति का पुनरीक्षण करता है ?

(a) राष्ट्रीय विकास परिषद्
(b) योजना आयोग
(c) मंत्रिमंडल सचिवालय
(d) संघीय मंत्रिमंडल

110. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को उस प्रारूप को विहित करने में जिसमें कि संघ एवं राज्यों की लेखाएँ रखी जाएँ, अनुमोदन प्राप्त करना अपेक्षित है :
(a) संसद का
(b) संबंधित राज्य के विधानमंडल एवं संसद का
(c) वित्त मंत्री का
(d) भारत के राष्ट्रपति का

111. निम्नलिखित संस्थाओं पर विचार कीजिए:
1. योजना आयोग
2. उच्चतम न्यायालय
3. वित्त आयोग
4. भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए विशेष अधिकारी

इनमें से कौन-सा/से भारत के संविधान में उल्लिखित नहीं है/हैं?
(a) 1 और 2 (b) केवल 1
(c) केवल 4 (d) 1 और 3

112. उत्तर-उदारवादी अवधि में BOOT की संकल्पना का तात्पर्य है
(a) निजी क्षेत्र का विकास
(b) सार्वजनिक क्षेत्र का विकास
(c) आधारिक संरचना का विकास
(d) आयात एवं निर्यात का विकास

113. भारत की संचित निधि बनी है :
(a) उत्पाद शुल्क एवं आय कर से
(b) आय कर एवं निगम कर से
(c) सभी ऋणों से प्राप्त धन से
(d) भारत सरकार की सभी राजस्व प्राप्तियों से

114. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
प्रधान मंत्री कार्यालय
1. जनवरी 1950 में अस्तित्व में आया था।
2. जनू 1977 तक प्रधान मंत्री सचिवालय के रूप में जाना जाता था।
3. से जुड़ा कोई अधीनस्थ कार्यालय नहीं है।
4. सरकार के कार्यों को जानने में राष्ट्रपति की सहायता करता है।

इनमें से कौन-कौन से सही हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4

115. निम्नलिखित में से किसने भारत में सिविल सेवाओं के चयन में मनोवैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता का समर्थन किया ?
(a) पॉल एपलबी (b) ए.डी. गोरवाला
(c) हैरी डब्ल्यू. ब्लेयर (d) वी. सुब्रमणियम

116. निम्नलिखित में से किस आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यमूलक विशिष्टीकरण की सिफारिश की ?
(a) व्यय सुधार आयोग
(b) प्रशासनिक सुधार आयोग
(c) चतुर्थ केंद्रीय वेतन आयोग
(d) पंचम केंद्रीय वेतन आयोग

117. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में भर्ती की जाती है
1. खुली प्रतियोगी परीक्षा द्वारा
2. राज्य सिविल सेवाओं के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा
3. विशेष मामलों में ऐसे व्यक्तियों से, जो राज्य सरकारों के अधीन राजपत्रित पद रखते हैं और राज्य सिविल सेवाओं के सदस्य नहीं हैं, चयन द्वारा

इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

118. मंत्री-सिविल सेवक संबंध का भारत में प्रारंभ हुआ-
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1935 के परिणामस्वरूप
(b) मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919 के परिणामस्वरूप
(c) भारतीय संविधान, 1950 के परिणामस्वरूप
(d) मोर्ले-मिंटो सुधार, 1909 के परिणामस्वरूप

119. निम्नलिखित में से किसे और अधिक अखिल भारतीय सेवाएं सृजित करने की शक्ति प्राप्त है ?
(a) राज्य सभा (b) संघीय संसद
(c) लोक सभा (d) संघीय मंत्रिमंडल

120. निम्नलिखित सेवाओं पर विचार कीजिए:
1. समुद्रपार संचार सेवा 2. सेना इंजीनियर सेवा
3. कंपनी विधि बोर्ड सेवा 4. रक्षा भूमि एवं छावनी सेवा

इनमें से कौन-सी केंद्रीय सेवा/सेवाएँ है/हैं ?
(a) केवल 3 (b) केवल 2
(c) 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

## उत्तर

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (c) | 4. | (a) | 5. | (c) | 6. | (d) |
| 7. | (b) | 8. | (b) | 9. | (b) | 10. | (d) | 11. | (d) | 12. | (d) |
| 13. | (b) | 14. | (b) | 15. | (c) | 16. | (d) | 17. | (c) | 18. | (c) |
| 19. | (c) | 20. | (c) | 21. | (a) | 22. | (a) | 23. | (d) | 24. | (d) |
| 25. | (c) | 26. | (a) | 27. | (c) | 28. | (d) | 29. | (c) | 30. | (a) |
| 31. | (a) | 32. | (d) | 33. | (c) | 34. | (d) | 35. | (d) | 36. | (b) |
| 37. | (a) | 38. | (b) | 39. | (c) | 40. | (d) | 41. | (d) | 42. | (c) |
| 43. | (d) | 44. | (c) | 45. | (a) | 46. | (b) | 47. | (d) | 48. | (c) |
| 49. | (a) | 50. | (c) | 51. | (c) | 52. | (c) | 53. | (c) | 54. | (c) |
| 55. | (c) | 56. | (d) | 57. | (c) | 58. | (b) | 59. | (b) | 60. | (c) |
| 61. | (d) | 62. | (b) | 63. | (a) | 64. | (b) | 65. | (b) | 66. | (a) |
| 67. | (a) | 68. | (d) | 69. | (d) | 70. | (b) | 71. | (d) | 72. | (a) |
| 73. | (d) | 74. | (b) | 75. | (d) | 76. | (d) | 77. | (d) | 78. | (b) |
| 79. | (c) | 80. | (c) | 81. | (a) | 82. | (d) | 83. | (c) | 84. | (b) |
| 85. | (b) | 86. | (b) | 87. | (a) | 88. | (c) | 89. | (d) | 90. | (b) |
| 91. | (a) | 92. | (a) | 93. | (d) | 94. | (d) | 95. | (a) | 96. | (a) |
| 97. | (a) | 98. | (a) | 99. | (d) | 100. | (c) | 101. | (d) | 102. | (c) |
| 103. | (c) | 104. | (c) | 105. | (c) | 106. | (a) | 107. | (b) | 108. | (d) |
| 109. | (b) | 110. | (d) | 111. | (b) | 112. | (c) | 113. | (d) | 114. | (b) |
| 115. | (b) | 116. | (b) | 117. | (d) | 118. | (b) | 119. | (b) | 120. | (d) |